# कार्यालय नगर पंचायत, पिपरा

## (स्वच्छता साथी हेतु आम सूचना)

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081 दिनांक 26.11.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु प्रेषित दिशा निर्देश के आलोक में नगर पंचायत, पिपरा हेतु स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

## स्वच्छता साथी की जिम्मेवारी चयन प्रक्रिया एवं अन्य दिशा निर्देश

**स्वच्छता साथी कौन होंगे :–**

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय नागरिक हो सकते है परन्तु नगर पंचायत, पिपरा अन्तर्गत स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी को मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा तथा उम्र 40 वर्षो से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी की आवाज साफ एवं स्पष्ट होनी चाहिए ताकि अच्छे से बातचीत कर सके।
4. अभ्यर्थी को स्वच्छता संबंधित कार्यो का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा।
5. अभ्यर्थी के रूप में waste picker, citizen leader, SHG member, swachhagarahi, sanitation worker, brand ambesdor, NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGO youth, Community based organisations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या कोई अन्य भी विहित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है।
6. नगर पंचायत, पिपरा स्तर पर कुल पाँच स्वच्छता साथी चयन किया जाना है।
7. नगर पंचायत, पिपरा में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2025 है।

**स्वच्छता साथी के कार्य :**

कार्यालय द्वारा आंटित वार्ड के सभी घरों का भ्रमण कर स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्राप्त करना, घर के मुखिया को waste segregation एवं home composting हेतु प्रेरित करना, वार्ड में छोटे स्तर पर छोटे–छोटे समूहों की बैठक करना, स्वयं सहायता समूह की मासिक बैठक में भाग लेना, वार्ड एवं समाज के प्रबुद्ध एवं प्रमुख व्यक्तियों को citizen leader के तौर पर तैयार करना, नगर निकाय को स्वच्छ सर्वेक्षण में सहयोग करना तथा समय–समय पर विभाग स्तर से प्राप्त आदेशों का अक्षरशः पालन करना।

**स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–**

1. कार्य अवधि पाँच घंटे प्रतिदिन होगा, प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
2. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
3. मानदेय प्रतिमाह के पहले सप्ताह में दिया जाएगा।
4. प्रतिदिन तीन सौ रूपये की दर से प्रतिमाह बीस दिनों का मानदेय देय होगा (300x20=6000)।
5. स्वच्छता साथी को contractual basis पर एक वर्ष के लिए engage किया जाएगा जिसकी अवधि अक्टुबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
6. प्रत्येक स्वच्छता साथी को वर्ष में दो सौ दिनांक के लिए engage किया जाएगा।
7. दो सौ कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष में किसी भी दस माह (स्वच्छ सर्वेक्षण) मान्य होगा।
8. सभी स्वच्छता साथी Monitoring पदाधिकारी स्वच्छता पदाधिकारी होगें जिनकी देख–रेख में सभी स्वच्छता साथी कार्य करेंगें।
9. स्वच्छता साथी के कार्यो की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्यवाही की जा सकती है।

**नोट :–**

1. यह किसी प्रकार का permanent position नहीं है। अतः किसी भी संबंध में दावा मान्य नहीं होगा।
2. सभी इच्छुक अभ्यर्थी नगर पंचायत, पिपरा कार्यालय से सम्पर्क कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है।

**साक्षात्कार स्थल, तिथि एवं समय :–**

नगर पंचायत, पिपरा कार्यालय दिनांक 05.05.2025 समय प्रातः 11:30 से साक्षात्कार में सभी अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्र एवं CV के साथ उपस्थित रहेंगे।

16/4/25

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, पिपरा।

ज्ञापांक 198 / न.पं. पिपरा, दिनांक 16/4/25

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद तथा सभी माननीय पार्षद को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अंचल अधिकारी, पिपरा/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पिपरा/अनुमण्डल पदाधिकारी सुपौल/उप विकास आयुक्त, सुपौल/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सुपौल एवं जिलाधिकारी, सुपौल को सादर सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने सूचनापट पर प्रकाशनार्थ चिपकवानें की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सुपौल को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि जिला के बेवसाइट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाने की कृपा की जाय।

16/4/25

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, पिपरा।